नई दिल्ली, शुक्रवार
8 जून 2018
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+8=28

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

एसीओ बैठक के केंद्र में रहेगा हिंद-प्रशांत मुद्दा } 14
भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम में अर्जुन तेंदुलकर } 17

प्राची व नेहा ने मारी बाजी

जासं, ग्रेटर नोएडा : शहर के ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ इंटरनेशनल स्कूल में छात्राओं के लिए एक दिवसीय बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत पढ़ रही छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन कर जीत हासिल की। स्कूल के निदेशक मंजू गौड़ ने विजेता व उप विजेता खिलाड़ी छात्राओं को पुरस्कार देकर बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्साहित किया। उन्होंने बताया कि बैडमिंटन में प्राची शर्मा व टेबल टेनिस में नेहा को विजेता खिलाड़ी घोषित किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में कुल 29 मैच खेले गए। इसमें 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मुकाबले में प्राची ने 21-11 के सेट से विजेता घोषित हुई। कोमल मिश्रा व पारूल कश्यप उप विजेता रही। टेनिस टेबल में कुल 16 मैच हुए। नेहा ने 11-6 के सेट से बढ़त बना कर विजयी हुई। जबकि दीपिका व अंसल दूसरे उप विजेता रही।